**SI Code: 101/201**

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2018 (ANNUAL)

# HINDI

## हिन्दी

**I. Sc. & I. Com. NRB-MB-Non-HINDI**

कुल प्रश्नों की संख्या: 30
**Total No. of Questions: 30**

(समय: 01 घंटे 37.5 मिनट)
**[Time: 01 Hrs. 37.5 Minutes]**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 08
**Total No. of Printed Pages: 08**

(पूर्णांक: 50)
**[Full Marks: 50]**

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:–**
**Instructions for the candidate:**

1. परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द–सीमा का ध्यान रखें।
4. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 7.5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड – अ एवं खण्ड – ब**।
6. खण्ड – अ में 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये **OMR – शीट** में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। **किसी** भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पत्रिका में प्रयोग करना मना है, अथवा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड – ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।
8. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का उपयोग वर्जित है।

## खण्ड – अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिसके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR – शीट पर चिन्हित करें। (1X25=25)

निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें।

1 कथा सम्राट प्रेमचंद का जन्म स्थान कहाँ है?

(A) इलाहाबाद

(B) कानपुर

(C) वाराणसी

(D) लमही

2. इनमे से रामवृक्ष बेनीपुरी की रचना कौन– सी है?

(A) पंच परमेश्वर

(B) कफन

(C) गौरा

(D) मंगर

3. 'जीवन का झरना' कविता के कवि का नाम लिखें –

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) निराला

(C) आरसी प्रसाद सिंह

(D) प्रसाद

4. 'कलम का जादूगर' किस रचनाकार को कहा जाता है –

(A) प्रेमचंद

(B) माखन लाल चतुर्वेदी

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी

(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

5. 'कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर' के रचनाकार कौन है?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) प्रेमचंद

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) सोहन लाल द्विवेदी

6 "आज खाय और कल के झक्खे, ताके गोरख साग न रक्खे।" – किस पाठ से उद्धृत है?

(A) गौरा

(B) मंगर

(C) पंच परमेश्वर

(D) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

7. 'भारत की आत्मा' कहाँ निवास करती है?

(A) गाँवों में

(B) शहरों में

(C) नगरों में

(D) महानगरों में

8. 'रहीम' किस राजा के दरबारी कवि थे?

(A) महाराणा प्रताप

(B) बाबर

(C) अकबर

(D) राजा जय सिंह

9. गौरा की लेखिका कौन है?

(A) महादेवी वर्मा

(B) ममता कालिया

(C) उषा प्रियंवदा

(D) अमृता प्रीतम

10. 'बेटा खुदा से डरो। पंच न किसी के दोस्त होते है न किसी के दुश्मन।' किस पाठ से उद्धृत है?

(A) गौरा

(B) ठिठुरता हुआ गणतंत्र

(C) मगर

(D) पंच परमेश्वर

11. 'संज्ञा' के कितने भेद होते हैं?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) छः

12. 'सर्वनाम' के कितने भेद होते हैं?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) छः

13. 'वाक्य' के कितने भेद होते है?

(A) दो

(B) चार

(C) तीन

(D) पाँच

14. 'क्रिया' के कितने भेद होते है?

(A) पाँच

(B) दो

(C) सात

(D) आठ

15. 'जी' शब्द का लिंग निर्णय करें –

(A) पुलिंग

(B) उभय लिंग

(C) स्त्रीलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

16. 'शिक्षा' शब्द का लिंग निर्णय करें–

(A) पुलिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

17 'अवश्य' शब्द का विशेषण क्या होता है?

(A) अनावश्यक

(B) अति आवश्यक

(C) आवश्यक

(D) अधिक आवश्यक

18. 'नीति' शब्द का विशेषण क्या होता है?

(A) नेतिक

(B) नीतिज्ञ

(C) नैतिक

(D) राजनैतिक

19. 'लिंग' के कितने भेद होते हैं?

(A) दो

(B) आठ

(C) चार

(D) पाँच

20. 'वचन' के कितने भेद होते है?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

21 'गिरीश' शब्द का संधि– विच्छेद क्या होता है?

(A) गिरी + ईस

(B) गिरि + इस

(C) गिरी + ईश

(D) गिरि + ईश

22. 'आविष्कार' का संधि – विच्छेद क्या होता है?

(A) आवी: + कार

(B) आविष् + कार

(C) आवि: + कार

(D) आवि + षकार

23. 'हाथ खींचना' मुहावरे का अर्थ होता है–

(A) साथ देना

(B) साथ लेना

(C) अलग करना

(D) अलग होना

24. 'संजीव' शब्द का विलोम क्या होता है?

(A) निर्जीव

(B) मरण

(C) जीवन

(D) अजीव

25. 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा?

(A) तिमिर

(B) नभ

(C) दृष्टि

(D) चाँद

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

*विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 28 अंको का होगा।*

प्र.1 भावार्थ लिखें – (5)

रहिमन वे नर मर चुके जे कहुँ माँगन जाहि।
उनते पहले वे मरे, जिन मुख निकसत नाहि।।

**अथवा**

भावार्थ लिखें –

भू पर नही, मनो मे हो, बस कहीं शेष भारत है।
भारत एक स्वप्न, भू को ऊपर ले जाने वाला,
भारत एक विचार, स्वर्ग को भू पर लाने वाला।।

प्र.2 'पंच परमेश्वर' कहानी का सारांश लिखें। (5)

**अथवा**

'जीवन का झरना' कविता का भावार्थ लिखें।

प्र.3 सभी प्रश्नों के उत्तर दें – (5)

(i) 'हिमालय का संदेश' कविता के कवि कौन हैं?

(ii) 'सुन्दर का ध्यान कहीं सुन्दर' कविता के कवि का नाम बतावें।

(iii) 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' के रचनाकार कौन हैं?

(iv) "इस देश में जो जिसके लिए प्रतिबद्ध है, वही उसे नष्ट कर रहा है।" किस पाठ से उद्धृत है।

(v) 'पंच परमेश्वर' के लेखक कौन हैं?

प्र.4 संक्षेपण करें – (5)

वैदिक युग में जाति–विभाजन नहीं था। स्त्रियाँ शिक्षित होती थीं। कृषि उन लोगों का प्रधान व्यवसाय था। आर्य गाँव बनाकर रहते थे। राजा लोग सुनहरे वस्त्र और भूषण पहनकर राज–काज करते थे। नगर की रक्षा के लिए, गाँव रक्षा के लिए राजा के अधीन रक्षक नियुक्त होते थे। मनुसंहिता जिस समय लिखी गयी थी, उसी समय हिन्दुओं में जाति–विभाजन हुआ था।

प्र.5 किसी एक पर निबंध लिखें – (5)

(i) आपका प्रिय पर्व (ii) दहेज कुरीति

(iii) छात्र और अनुशासन (iv) मद्य निषेध

(v) प्राकृतिक आपदा

..............................................